Class – 4

Chapter -1

झंडा ऊँचा रहे हमारा

मौखिक प्रश्न

(क) हमारे देश के झंडे को क्या कहते हैं?

उत्तर: हमारे देश के झंडे को तिरंगा कहते हैं।

(ख) हमारा झंडा क्या दर्शाता है?

उत्तर: हमारा झंडा वीरता, शक्ति, हरियाली और निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

प्रश्नों के उत्तर लिखिए

(क) कविता में किसके झंडे को ऊँचा रखने की बात कही गई है?

उत्तर: कविता में अपने देश के झंडे तिरंगा को ऊँचा रखने की बात कही गई है।

(ख) झंडा क्या बरसाता है?

उत्तर: झंडा शक्ति और प्रेम का अमृत बरसाता है।

(ग) तिरंगा किसे प्रसन्न करता है?

उत्तर: तिरंगा वीरों को प्रसन्न करता है।

(घ) कवि ने झंडे की शान बचाने के लिए क्या करने की बात कही है?

उत्तर: कवि ने तिरंगे की शान बचाने के लिए अपनी जान देने की बात कही है।

(ङ) हमारा झंडा कैसा है?

उत्तर: हमारा झंडा विश्व-विजयी है।

Chapter-2

“ चीची का पनीर “

मौखिक प्रश्न: 1

1)चीनी चूहे को क्या खाने का मन कर रहा था ?

चीची चूहे को पनीर खाने का मन कर रहा था ।

2)मीची कौन था ? चीची ने मीची से क्या पूछा ?

मीची चीची का दोस्त था । चीची ने मीची से पूछा - क्या तुम बता सकते हो कि मैं पनीर को कैसे खाऊँ।

मौखिक प्रश्न: 2

1)चीची का दोस्त गिन्नू उदास क्यों था ?

चीची का दोस्त गिन्नू इसलिए उदास था क्योंकि उसका बेटा बीमारी से कमज़ोर हो गया था ।

2)गिन्नू का बेटा क्या खाने की जिद कर रहा था ?

गिन्नू का बेटा पनीर खाने का ज़िद कर रहा था ।

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

क)चीची चूहा खुशी से क्यों झूम उठा ?

अपने बिल के सामने पनीर को देखकर चीची चूहा खुशी से झूम उठा ।

ख)खुशी के मारे चीची को क्या समझ में नहीं आ रहा था ?

खुशी के मारे चीची को समझ में नहीं आ रहा था कि वह पनीर को ज्यादा स्वादिष्ट बनाकर किस तरह खाए ।

ग)गिन्नू के घर जाकर चीची ने क्या देखा ?

गिन्नू के घर जाकर चीची ने देखा कि गिन्नू अपने बीमार बेटे के कारण उदास था ।

घ)गिन्नू की आँखों में आँसू क्यों आ गए ?

गिन्नू का बेटा पनीर खाने की ज़िद कर रहा था ,लेकिन गिन्नू के पास पनीर नहीं था ।इसलिए उसके आँखों में आँसू आ गए ।

ङ)चीची को ऐसी कौन-सी खुशी मिली , जितनी कि खुद पनीर खाने से भी नहीं मिल सकती थी ?

दूसरों को मदद करने से जो संतोष और खुशी मिलती है वह खुशी चीची को मिली ,जो कि उसे खुद पनीर खाने से भी नहीं मिल सकती थी ।

Chapter -3

बढ़ई को मिली सीख

मौखिक प्रश्न

1)चिड़िया को किसने बंद किया?

चिड़िया को बधाई ने बंद किया।

2) चिरौटे ने चिड़िया को कैद से छुड़ाने का क्या उपाय सोचा?

चिरौटे ने चिड़िया को कैसे छुड़ाने के लिए एक छोटी सी सरकंडों की गाड़ी बनाई और अपने दोस्तों को जुटाया।

3) चिरौटा कौन-सा गीत गा रहा था?

चिरौटे ने गाया “ चली मेंढकों की गाड़ी खटपट खटपट रे वीर चिरौटा जाएगा बढई के घर झटपट रे।“

4) रास्ते में चिरोटे से किसने पूछा “कहाँ जा रहे हो”?

रास्ते में कबूतर ने चिरौटे से पूछा कहां जा रहे हो?

5) गाड़ी में कौन आ बैठा?

कबूतर गाड़ी में आकर बैठ गया।

6) चिरोटे को रास्ते में कौन - कौन मिला?

रास्ते में चिरोटे को कबूतर बिच्छू मटर के दाने और कांटे मिले।

7) काँटे कहाँ छिप गए?

कांटे बढई के जूते में छुप गए।

पाठ से प्रश्न

1) बढ़ई ने चिड़िया को पिंजरे में बंद क्यों किया?

चिरौटे की बीट बढई के नाक पर गिर गई बढई ने गुस्से में आकर चिड़िया को पिंजरे में बंद कर दिया।

2)चिरौटे ने चिड़िया को बढ़ई की कैद से छुटकारा दिलाने का क्या उपाय सोचा?

चिरौटे ने चिड़िया को बढ़ई से छुटकारा दिलाने के लिए सरकंडों की एक गाड़ी बनाकर बढ़ई पर हमला करने का उपाय सोचा।

3)चिरौटे ने अपनी गाड़ी में किस - किस को बिठाया?

चिरौटे ने अपनी गाड़ी में कबूतर, बिच्छू, मटर के दाने और कांटों को बिठाया।

4) कबूतर ने बढ़ई को कैसे परेशान किया?

कबूतर ने अपने पंख फड़फड़ाए जिससे चूल्हे की राख बढई की आंखों में उड़ कर चली गई। इस प्रकार कबूतर ने बढ़ई को परेशान किया।

पाठ -4

आई होली

मौखिक प्रश्न

1. होली कैसा त्योहार है?

होली रंगों और खुशियों का त्योहार है।

2. होली पर क्या-क्या खाते हैं?

होली पर मठरी और गुझिया खाते हैं।

3. होली हमें क्या सिखाती है?

होली हमें प्यार और एकता की भावना सिखाती है।

पाठ से प्रश्न

(क) कविता में कौन-कौन से रंगों का जिक्र हुआ है?

कविता में पीला और लाल रंगों का जिक्र हुआ है।

(ख) बच्चे किसके साथ होली खेलते हैं?

बच्चे मिल-जुलकर अपने दोस्तों के साथ होली खेलते हैं।

(ग) कविता में खाने की किन-किन चीज़ों का नाम लिया गया है?

कविता में मठरी और गुझिया का नाम लिया गया है।

(घ) त्योहार के बाद बच्चे क्या करते हैं?

त्योहार के बाद बच्चे  विद्यालय जाते हैं और होमवर्क जँचवाते हैं ।

(ङ) कविता में किस ऋतु की बात की गई है?

कविता में  शीत ऋतु की बात की गई है।

Chapter 5

शर्मीली का सफ़र

मौखिक प्रश्नोत्तर

मौखिक प्रश्न (1)

1. नदी की अधिकतर बूँदें कैसी थीं?

उत्तर : नदी की अधिकतर बूँदें नटखट और घूमने-फिरने वाली थीं।

2. शर्मीली कौन थी? उसे किसकी बातें अच्छी लगीं?

उत्तर : शर्मीली एक पानी की बूँद थी। उसे घुमक्कड़ दीदी की बातें अच्छी लगीं।

3. घुमक्कड़ के साथ शर्मीली कहाँ चल पड़ी?

उत्तर : शर्मीली घुमक्कड़ के साथ दुनिया की सैर करने चल पड़ी।

4. नदी की गति कहाँ पर कम हो जाती है?

उत्तर : नदी की गति मैदानों में पहुँचने पर कम हो जाती है।

मौखिक प्रश्न (2)

1. नदी का पानी कहाँ पर ठहरा-सा लगता था?

उत्तर : नदी का पानी समुद्र में ठहरा-सा लगता था।

2. क्या सोचकर शर्मीली घबराने लगी?

उत्तर : घर लौटने का रास्ता न मिलने की बात सोचकर शर्मीली घबराने लगी।

3. शर्मीली ने सफ़र का सारा किस्सा किसे सुनाया?

उत्तर : शर्मीली ने सफ़र का सारा किस्सा मोती को सुनाया।

4. मोती ने शर्मीली को समुद्र से जाने का रास्ता क्या बताया?

उत्तर : मोती ने बताया कि वह भाप बनकर बादलों तक पहुँच सकती है और वर्षा के रूप में फिर धरती पर आ सकती है।

लिखित प्रश्नोत्तर

1. (क) घुमक्कड़ का स्वभाव कैसा था?

उत्तर : घुमक्कड़ का स्वभाव बहुत मिलनसार, साहसी और घूमने-फिरने वाला था।

2. (ख) शर्मीली का सफ़र किस तरह आगे बढ़ता जा रहा था?

उत्तर : शर्मीली का सफ़र पहाड़ों, जंगलों, खेतों, गाँवों और शहरों को देखते हुए आगे बढ़ता जा रहा था।

3. (ग) समुद्र में पहुँचकर शर्मीली दुखी क्यों हो गई?

उत्तर : समुद्र में पहुँचकर शर्मीली दुखी हो गई क्योंकि घुमक्कड़ दीदी गायब हो गई थी और उसे घर लौटने का रास्ता नहीं मिल रहा था।

4. (घ) बूँदें बादलों तक कैसे पहुँच सकती हैं?

उत्तर : बूँदे भाप बनकर हवा की सहायता से  बादलों तक पहुँच सकती हैं।

5. (ङ) शर्मीली का सफ़र आपको कैसा लगा?

उत्तर : शर्मीली का सफ़र अच्छा लगा क्योंकि उसे डर, साहस और कठिनाई के बाद नया जीवन मिलने वाला था।

Chapter – 6

मिठाई की जड़

मौखिक प्रश्न

1. कंजूस ने गन्ने किसे दे दिए?

उत्तर: कंजूस ने गन्ने अपने मित्र को दे दिए।

2. मित्र की पत्नी ने क्या सोचा?

उत्तर: मित्र की पत्नी ने सोचा कि कंजूस को सबक सिखाना चाहिए।

3. थैली में क्या रखा था?

उत्तर: थैली में बिनौले रखे थे।

4. कंजूस रास्ते भर क्या सोचता रहा?

उत्तर: कंजूस रास्ते भर सोचता रहा कि इतनी कंजूसी ठीक नहीं होती।

प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) कंजूस मित्र के घर पैदल ही क्यों चला गया?

उत्तर: कंजूस पैसे बचाने के लिए पैदल ही चला गया।